केंद्रीय विद्यालय संगठन , रायपुर संभाग

सत्रांत परीक्षा (2024-25)

कक्षा – ग्यारहवीं

हिंदी (आधार) (कोड सं 302)

अंक योजना

समय -3:00 घंटा

भारांक -80

सामान्य निर्देश :-

* यह अंक योजना संकेत मात्र है ।

*वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अंक योजना में दिए गए उत्तर के आधार पर दिए जाएंगे।

*सही उत्तर पर पूरे अंक दिए जाएंगे ।

*यदि अंक योजना से भिन्न किंतु उपयुक्त उत्तर लिखा गया है तो अपेक्षित अंक दिए जाएंगे ।

उत्तर 1 . अपठित गद्यांश

(i) (क) शिक्षा से

(ii) (ख) केवल 2

(iii) (ख) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R)गलत है

(iv) शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ,मनुष्य को विवेकशील और शिष्ट बनाना है ।

(v) निर्बल की सहायता करना, दुखियों के दुःख दूर करने का प्रयास करना, दूसरों के दुःख से दुःखी हो जाना और दूसरों के सुख से स्वयं सुख का अनुभव करना जैसी बातें एक शिक्षित मानव में सरलता से देखने को मिल जाती हैं।

(vi) व्यावसायिक शिक्षा के अंधानुकरण से छात्र सैद्धांतिक शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं। उनके लिए शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ धन अर्जित करना है |

(vii) व्यावसायिक शिक्षा के अंधानुकरण से छात्र सैद्धांतिक शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं, जिसके कारण रूस की क्रांति, फ्रांस की क्रांति, अमेरिकी क्रांति, समाजवाद, पूँजीवाद, राजनीतिक व्यवस्था, सांस्कृतिक मूल्यों आदि की सामान्य जानकारी भी व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को नहीं है।

<u>उत्तर 2 . अपठित काव्यांश</u>

(i) (ख) पुरवाई

(ii) (घ) कथन –कारण दोनों गलत है

(iii) (ग) 1-(c) ,2-(a),(3)-(b)

(iv) शहरों के कोलाहल, मशीनों मोटर –गाड़ियों की आवाज ने लोगों को नींद उड़ा दी है।

(v) पचपन की उम्र में भी गाँव के व्यक्ति में उन्मुक्त बचपन झलकता है क्योकि गाँव में शांत एवं स्वच्छ वातावरण होता है

(vi) गांव को स्वच्छ बनाने के लिए पर्यावरण स्वच्छता ,शांत वातावरण के लिए की जाने वाली सभी गतिविधियां शामिल होंगी।

<u>उत्तर 3 – रचनात्मक लेखन</u>

अभिव्यक्ति कौशल – 2 अंक , भाषा – शैली -2 अंक , मौलिकता – 2 अंक |

<u>उत्तर 4- पत्र लेखन</u>

प्रारूप 2 अंक , विषय वस्तु -2 अंक , भाषा शैली – 1 अंक |

<u>उत्तर 5 – अभिव्यक्ति और माध्यम</u>

(I)_.(i). किसी कूट भाषा में सन्देश भेजना एनकोडिंग जबकि कूट भाषा में सन्देश प्राप्त करना डीकोडिंग |

(ii).समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति के किसी गुप्त बात को सनसनीखेज खबर के रूप में प्रकाशित करना |

(iii).डायरी नितांत निजी दस्तावेज है | इसमें अपनी सभी बातों को बेबाक रूप में लिखा जाता है |

(iv). स्ववृत्त में ईमानदारी के साथ सभी बातों का उल्लेख किया जाता है | स्ववृत्त में व्यक्तिगत विवरण और शैक्षणिक विवरण का उल्लेख स्पष्ट रूप में किया जाना चाहिए |

(v).जब किसी पत्र , ज्ञापन का उत्तर समय पर प्राप्त नहीं होता तो उसे याद दिलाने के लिए 'अनुस्मारक या स्मरण-पत्र भेजा जाता है |

(vi). फ्लैश बैक – वर्त्तमान दृश्य के पूर्व घटित घटना का स्मरण कराना | फ्लैश फारवर्ड – आनेवाले समय के दृश्य की पूर्व जानकारी देना ताकि जिज्ञासा बनी रहे |

(II). किसी वैज्ञानिक या यांत्रिक माध्यम से सूचनाओं का आदान प्रदान करना जनसंचार कहलाता है |

कार्य – सूचना देना , ज्ञान प्रदान करना,शिक्षित करना , मनोरंजन करना , विचार विमर्श का मंच प्रदान करना , जागरुक करना |

अथवा

वर्णमाला क्रम का आरम्भ 'अ' से होता है जबकि शब्दकोश का आरम्भ 'अं' से होता है | वर्णमाला में संयुक्त वर्ण अंत में प्रयोग होते हैं जबकि शब्दकोश में संयुक्त वर्ण अपने मूल वर्ण के क्रम के अनुसार उसी वर्ग में आते हैं | वर्णमाला में स्वर रहित व्यंजन अपने क्रम के अनुसार प्रयोग होते हैं जबकि शब्दकोश में स्वर रहित व्यंजन उस वर्ग के अंत में प्रयोग किए जाते हैं |

<u>उत्तर 6.-</u>

(i) (ग) आत्मा-परमात्मा
(ii) (क) ईश्वर
(iii) (घ) कथन 1 व 4 सही
(iv) (क)कथन और तर्क दोनों उचित है |
(v) (ख) सबके लिए पानी एक –सा नहीं है |

<u>उत्तर 7-</u>

(i)आडम्बरयुक्त कृत्रिम शहरी संस्कृति जो पाश्चात्य सभ्यता का अन्धानुकरण करती है | शहर में प्रदूषण, फूहड़ता , बनावटीपन इन प्रभावों से संथाल परगना के आबोहवा को बचाने की बात की गई है |

(ii) अपना घर- भौतिक घर या सांसारिक जीवन जहां मनुष्य विषय वासनाओं में उलझा रहता है |

उसे भूलकर ही मनुष्य का अहंकार नष्ट होता है |अहंकार नष्ट होकर ही मनुष्य को ईश्वर प्राप्ति संभव है |

(iii) कविता में 'सबसे खतरनाक' शब्द को बार-बार दोहराने से, कविता का कथ्य प्रभावशाली ढंग से उभरता है। इससे पाठकों की रुचि और जिज्ञासा बनी रहती है और वे 'खतरनाक' और 'सबसे खतरनाक' में अंतर समझ पाते हैं।

<u>उत्तर 8.</u>

(i). कवि 'पाश' के अनुसार सबसे खतरनाक आँख वह होती है जो सबकुछ देखती हुई भी बर्फ के समान जमी रहती है , जिसमें संवेदनहीनता होती है | ऐसी आँख उचित-अनुचित का निर्णय नहीं कर पाती |

(ii). कवि देश की आजादी के लिए जेल में बंद हैं और उत्सव के अवसर पर सभी भाई –बहन माता –पिता के साथ घर में हैं|

(iii). कलकत्ता जैसे महानगर लोगों के पारिवारिक विघटन और शहरों की ओर पलायन का कारण है जहां लोग शिक्षा प्राप्त कर रोजगार की तलाश में अपना परिवार छोंड़ देते हैं |

<u>उत्तर 9</u>.

(i) (घ) इनमे से कोई नहीं
(ii) (ख) करुणा उत्पन्न करने वाला
(iii) (ग) लार्ड कर्ज़न
(iv) (ख) कथन 1 व कथन 3 सही
(v) (क)कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है|

<u>उत्तर 10.</u>

(i)वंशीधर ईमानदारी और कर्त्तव्य निष्ठा के लिए नौकरी को भी गँवा देता है | जिन गुणों की सदैव प्रशंसा होती है और कहानी में भ्रष्ट पंडित अलोपीदीन भी उनके सदगुणों के कारण ही कहानी के अंत में उसे अपनी संपत्ति का स्थायी मैनेजर नियुक्त करते हैं |

(ii)कई समस्याओं के कारण पाथेर पाँचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई वर्षों तक चला – धन की समस्या , पात्र चयन की समस्या , उचित दृश्य चयन की समस्या , पत्रों के लम्बे समय तक बने रहने की समस्या |

(iii)मोहन एक ब्राम्हण जाति का होकर भी धनराम लोहार के आफर में बैठना तथा अचानक धनराम के हाथ से हथौड़ा लेकर लोहे को मजे हुए कारीगर की भांति गोलाई का आकार देना |

<u>उत्तर 11.</u>

(i)स्त्री चरित्र की आम धारणा- कोमल , भावुक,अबला , सहनशील, पतिव्रता |

रजनी-जागरूक, सुशिक्षित,निडर , प्रगतिशील , अन्याय के खिलाफ लोगों को सजग करना |

(ii). भारतमाता – भारत के नदी, पहाड़ , जंगल,खेत जो हमें अन्न देते हैं और करोड़ों भारतवासी | ये सभी भारतमाता के अंश हैं |

(iii). व्यापार विभाग , कृषि विभाग,हार्टीकल्चर विभाग,कल्चरल विभाग,मेडिकल विभाग,फ़ॉरेस्ट विभाग, विदेश विभाग | सरकारी विभाग परस्पर काम टालने , कर्त्तव्यहीन ,स्वार्थी , संवेदन शून्य और अमानवीय होने का पता चलता है |

<u>उत्तर 12.</u>

(i)शास्त्रीय संगीत शास्त्र के नियमों के अनुरूप होता है , शास्त्रीय संगीत में राग-रागीनियाँ , तालों का प्रयोग होता है , जलदलय , परिष्कृत तालों का प्रयोग , संगीत का मूल रूप | चित्र पट संगीत का उद्देश्य केवल आनंद प्रदान करना , आधे तालों का प्रयोग, राग-रागिनियों के सम्बन्ध में कोई विशेष नियम नहीं होता , विशुद्ध तालों आधे तालों का प्रयोग | चित्रपट संगीत लोगों को आकर्षित कर पल भर में भाव विभोर कर देता है |

(ii) पालरपानी वर्षा से प्राप्त पानी है जो नदियों ,तालाबों में जमा रहता है, जिसका प्रयोग आमतौर पर सिंचाई,जानवरों को नहलाने तथा कपड़े धोने के लिए करते हैं | पाताल पानी – समुद्र की सतह से प्राप्त पानी , जो खारा होता है , जो मनुष्य के किसी उपयोग में नहीं आता |रेजाणी पानी- पालर पानी और पाताल पानी के बीच का पानी रेजाणी पानी कहलाता है , जिसका स्वाद मीठा होता है | राजस्थान में रेजाणी पानी मीठे पानी का स्रोत है जो सूखे कंठों को राहत देती है |

(iii) 'आलो आंधारि' पाठ के आधार पर घरेलू नौकरों को निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ता है –

आर्थिक सुरक्षा नहीं मिलाती | गंदे –सस्ते मकानों में रहने के लिए मजबूर होना | शारीरिक शोषण होता है |

लोग गंदी निगाह से देखते हैं | काम के घंटे निर्धारित नहीं होता | आर्थिक टंगी के कारण इनके बच्चे अशिक्षित रह जाते हैं |